Sixteenth Loksabha

an>

Title: Demand for Central Assistance for drought relief in Madhya Pradesh.

श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने यहाँ मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

देश के अधिकांश राज्यों में इस वऐन अल्प वऐाा एवं कीट प्रकोप के कारण खरीफ की धान, सोयाबीन इत्यादि फसलों को काफी मात्रा में नुकसान हुआ है। खासकर, मध्य प्रदेश के अधिकांश जिले सूखे एवं कीट प्रकोप की चपेट में है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बालाघाट एवं सिवनी जिले की अधिकांश तहसीलें इसकी मार से बुरी तरह प्रभावित है। अनेक ग्रामों में पीने का पानी एवं मवेशी के चारे का संकट उत्पन्न हो चुका है। किसान एवं मजदूर रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं। किसान आंदोलन, धरना और प्रदर्शन कर रहे हैं एवं जन प्रतिनिधियों का पुतला दहन कर रहे हैं। किसानों में सरकार के प्रति तीव्र आक्रोश व्याप्त है, किन्तु, शासन द्वारा प्रभावित तहसीलों को सूखा ग्रस्त घोऐित नहीं किया गया है और न ही किसी प्रकार मुआवज़ा दिया गया है।

अतः, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्ऐित करना चाहूँगा कि इस समय मध्य प्रदेश में बहुत ही सूखे की स्थिति है, केद्र से भरपूर मदद दी जाए, यही मेरा आप सब से निवेदन है। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

श्री कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल तथा

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री बोध सिंह भगत द्वारा उठाए गए विऐय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।